# अपने घर को भूकम्प से सुरक्षित बनाएं।

लगाएं। कसें।
भूलें नहीं।


EQC
EARTHQUAKE COMMISSION
*Kōmihana Rūwhenua*

@earthquakecommission

@EQCNZ

**www.eqc.govt.nz/be-prepared**

# भूकम्प और न्यूज़ीलैंड।




Aotearoa को 'शैकी आइल्स (अस्थिर द्वीपसमूह)' का उपनाम ऐसे ही नहीं मिला। हम किवी लोग, दुनिया में भूगर्भीय रूप से एक सबसे अधिक सक्रिय देश में रहते हैं और हर साल हमारे यहां लगभग **150 भूकम्प** आते हैं, जो लोगों द्वारा महसूस करने लायक ताकतवर होते हैं।

इनमें से ज्यादातर भूकम्पों का हम पर बहुत कम असर पड़ता है, लेकिन हमारे हाल के इतिहास में भी कई ऐसे भूकम्प आए हैं जिनसे संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है और लोगों को चोटें लगी हैं।

हम जानते हैं कि अगला नुकसानदेह भूकम्प कभी भी आ सकता है। लेकिन हम यह नहीं जानते कि यह कब या कहां आएगा। हम केवल यह जानते हैं कि आज की तैयारी आपके घर और आपके प्रियजनों की रक्षा करने में मदद करेगी।

# भूकम्प के लिए पहले से तैयारी करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

चाहे आप ऑकलैंड में रहते हों या एलेक्जेंड्रा में। किराए के या खुद के घर में। घर में रहते हों या अपार्टमेंट में। हम सभी को **लगाएं, कसें, भूले नहीं** वाले कदमों को उठना पड़ेगा अपने घरों को भूकंप के लिए तैयार करने के लिए।

इस पुस्तिका में दिए कई कदमों को बुनियादी DIY (स्वयं करने वाले) कौशल से पूरा किया जा सकता है। अन्य को पेशेवरों के लिए छोड़ देना ही सबसे बेहतर है। अगर आप यह नहीं समझ पा रहे कि कौन सा कार्य प्रतिबंधित हो सकता है, तो अपनी स्थानीय काउंसिल या लाइसेंस प्राप्त बिल्डिंग प्रैक्टिशनर से पूछें। अगर आप खुद कुछ काम करने जा रहे हैं तो सुरक्षित रहना सुनिश्चित करें।

यहाँ दिए गए कई कदमों की बहुत अच्छी बात यह है कि एक बार जब वे काम कर लिए जाते हैं, तो वे हो जाते हैं - फिर आप उनके बारे में चिंता करना बंद कर सकते हैं।

## शुरू करने का सबसे अच्छा समय अभी है, तो आइए शुरू करें...



विभिन्न चरणों को देखने के दौरान, इन आसान आइकनों (चिन्हों) पर नज़र रखें जो निम्नलिखित में मार्गदर्शन करने में आपकी मदद करेंगे:

**प्राथमिकता वाले कदम जो अधिक महंगे नुकसान के खिलाफ आपकी संपत्ति की रक्षा करने में मदद करेंगे।**

DIY **कुछ बुनियादी DIY (स्वयं करने वाले) कौशल के साथ पूरे किए जा सकने वाले कदम।**

QUICK FIX **साधारण पूर्व-तैयारियां जो आमतौर पर 30 मिनट या उससे कम समय में पूरी की जा सकती हैं।**

# आपके घर की छत पर।



## ईंट और कंक्रीट की चिनाई वाली चिमनी

अपनी छत पर निगाह डालें। क्या वहां कोई ईंट या कंक्रीट वाली चिमनी है जो छत के ऊपर निकली हुई है? पिछले भूकम्पों में इस तरह की हजारों चिमनी ढह गईं जिससे घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा और लोगों को चोटें आईं।


रिइन्फोर्समेन्ट (अतिरिक्त प्रबलता) के बिना ईंट और कंक्रीट की चिमनी बहुत बड़ा जोखिम होती हैं। आपकी चिमनी को बाहर से देखकर यह बताना मुश्किल हो सकता है कि यह रिइन्फोर्स्ड है या नहीं, लेकिन अगर आपका घर 1970 के दशक से पहले का बना है, तो यह संभवतः नहीं है।


### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- अगर आपकी चिमनी अब उपयोग में नहीं है, तो इसे हटा दें।
- अगर आप अभी भी चिमनी का उपयोग करते हैं, तो छत के ऊपर निकले हिस्से को बदलकर हल्के वजन वाले धातु की चिमनी लगाएं।
- अगर आपके पास धरोहर या विरासत वाला घर है, तो चिमनी को बदलकर उसके जैसे दिखने वाली हल्के वजन वाली चिमनी लगाई जा सकती है।

**सुझाव**

चिमनी का अधिकांश काम पेशेवरों से कराना सबसे अच्छा होता है, इसलिए इसे हटाने या बदलने के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए किसी लाइसेंस प्राप्त बिल्डर या अपनी स्थानीय काउंसिल से बात करें।





DIY

## हेडर टैंक (छत पर पानी की टंकी)

कुछ घरों में गर्म पानी के सिलेंडर में पानी भरने के लिए हेडर टैंक का उपयोग किया जाता है। हेडर टैंक बहुत भारी हो सकते हैं, खासकर जब वे पानी से भरे हों। इसका अर्थ है कि अगर वे भूकम्प से अस्थिर हो जाते हैं तो वे बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- टैंक को सीलिंग (छत) की फ्रेमिंग से कसने के लिए उसके ऊपर से टाईडाउन स्ट्रैप्स (बाँधने वाले पट्टे) लगाएं।
- ट्रे की परिधि के चारों ओर लकड़ी के ब्लॉक सुरक्षित रूप से ठोंकें और ट्रे और टैंक की परिधि के बीच लकड़ी के ब्लॉक फिट करें।
- कमजोर या खराब स्ट्रैप्स को बदलें।
- अगर वे पहले से लगे नहीं हैं, तो आपके उपकरणों और उनकी सप्लाई लाइनों के बीच लचीली फिटिंग स्थापित करने के लिए एक कुशल व्यक्ति (मिस्त्री) बुलाएं।
- अगर आपका हेडर टैंक अब उपयोग नहीं किया जाता, तो उसे हटा दें।

## छत की भारी सामग्री

छत की एक अकेली टाइल का वजन 4.5 किलोग्राम तक हो सकता है - अगर यह आपकी छत से या छत तोड़ कर उससे गिर जाए तो काफी नुकसान कर सकती है।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- छत की भारी सामग्रियां जैसे कि कंक्रीट या स्लेट टाइल बदलकर हल्के वजन वाले विकल्पों जैसे कि नालीदार लोहे या धातु की टाइलों का उपयोग करें।
- सुनिश्चित करें कि छत की भारी सामग्री, नीचे की फ्रेमिंग से भलीभांति कसी (जुड़ी) हो। फ्रेमिंग से टाइलें आमतौर पर तार से बंधी होती हैं, लेकिन अन्य तरीकों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। फास्टनिंग (बाँधने वाली तारें) ढीली, जंग लगी या टूटी नहीं होनी चाहिए।

# आपके घर के आस-पास।

## घर की दीवारें

अगर आपका घर 1950 से पहले बनाया गया था, तो ऐसी संभावना है कि बाहरी ईंट (जैसे कि दोहरी ईंट) और कंक्रीट ब्लॉक की चिनाई वाली दीवारों को रिइन्फोर्स्ड (अधिक प्रबल) नहीं किया गया होगा।

1930 के दशक से पहले बने घरों की दीवारों में अक्सर 'लेथ और प्लास्टर' वाली लाइनिंग होती हैं, जो भूकम्प में ब्रेसिंग के लिए नहीं होतीं।

इस प्रकार की दीवारों का भूकम्प में क्षतिग्रस्त होने का खतरा अधिक रहता है।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- ज्यादातर मामलों में, आपको अपने घर की दीवारों की जांच करने और उनको मजबूत बनाने या बदलने का कोई कार्य करने में मदद के लिए एक लाइसेंस प्राप्त बिल्डिंग प्रैक्टिशनर की आवश्यकता होगी।

**सुझाव**
अगर संभव हो तो इस काम को अन्य नवीनीकरण (रेनोवेशन) या निर्माण कार्य के साथ जोड़कर कराने का प्रयास करें – इससे समय और धन की बचत करने में मदद मिलेगी।

## रिटेनिंग दीवारें (मिट्टी को रोक कर रखने वाली दीवारें)

रिटेनिंग दीवारें भूकम्प के झटकों में चटक सकती हैं, हिल सकती हैं या ढह सकती हैं।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- जांचें कि आपके घर की रिटेनिंग दीवारें अच्छी तरह से बनी हैं और उनका अच्छा रखरखाव किया गया है। आपकी स्थानीय काउंसिल के पास आपकी प्रापर्टी की फाइल में दीवारों के बारे में जानकारी हो सकती है। पुरानी दीवारों का निर्माण बिल्डिंग कोड की अपेक्षाएं लागू होने से पहले किया गया हो सकता है और उनके कम लोचशील होने की संभावना है।
- नुकसान का खतरा कम करने के लिए अपनी रिटेनिंग दीवारों की निगरानी और रखरखाव बहुत महत्वपूर्ण है। समस्याओं के तुरंत दिखने वाले संकेतों पर ध्यान दें, इनमें शामिल हैं: दरारें, झुकाव या उभार, दीवार में घुसने वाली या उन्हें धकेलने वाली जड़ें, और रूंधे हुए या अपर्याप्त जल निकासी वाले होल (अगर यह एक ठोस दीवार हो)।
- अगर आप किसी मौजूदा रिटेनिंग दीवार में सुधार करना चाहते हैं, तो इंजीनियर और अपनी स्थानीय काउंसिल से सलाह लेने पर विचार करें।

DIY QUICK FIX

## बाहरी गैस की बोतलें


हिलने से कनेक्शन ढीले हो सकते हैं या टूट सकते हैं और बोतल से गैस लीक हो सकती है – जो भूकम्प के बाद एक बड़ा खतरा होता है।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं


- गैस की बोतलों को समतल सतह जैसे कंक्रीट स्तह पर रखा जाना चाहिए और चेन से घर से बंधी होनी चाहिए।
- अगर बोतल के तले को जमीन पर फिसलने से रोका गया है तो चेन ऊपरी सिरे के पास होनी चाहिए अन्यथा इसे लगभग आधी ऊंचाई पर होना चाहिए।

**सुझाव**
आपको यह पता होना चाहिए कि आपके गैस, बिजली और पानी को बंद करने वाले आपातकालीन स्विच और नल कहां पर हैं।


गैस का मेन स्विच बंद करने के बाद, आपको एक पेशेवर की जरूरत होगी उसे दोबारा शुरू करने के लिए।



# आपके घर के नीचे।







पाइल फाउंडेशन (बाएं) और कंक्रीट परिधि वाली नींव के साथ पाइल (दाएं)

## फाउंडेशन (नींव)

न्यूज़ीलैंड के अनेक घरों में जमीन से उठ कर बने हुए लकड़ी के फर्शों की नींवें होती हैं, जिनमें मकान के नीचे एक क्रॉल स्पेस (सब-फ्लोर कहलाता है) होता है।


इस प्रकार के नीवों वाले घरों में यह महत्वपूर्ण है कि नीवों को सही प्रकार से बाँध कर ऊपर रखे घर से अच्छी तरह से जोड़ा गया हो – यह हिलने-डुलने और नुकसान को कम करने में मदद करेगा।

### उन्हें मजबूत बनाएं

- जाँच लें कि बीयरर और पाइल्स, और बीयरर और जॉइस्ट्स के बीच कनेक्शन अच्छी स्थिति में (ढीले, जंग लगे हुए, टूटे या गायब नहीं) हैं।
- अगर पर्याप्त कनेक्शन स्थापित नहीं हैं, तो तार, बोल्ट या ब्रैकेट कनेक्शन उपयोग किए जाने चाहिए। कनेक्शन के विकल्पों के अनेक विकल्प अधिकांश हार्डवेयर स्टोर में उपलब्ध हैं – कुछ विकल्प दाईं ओर चित्र में दिखाए गए हैं।
- ब्रेसिंग, फाउंडेशन को सहारा देता है जो उन्हें भूकम्प में झुकने से रोकने में मदद करेगा। लाइसेंस प्राप्त बिल्डिंग प्रैक्टिशनर या इंजीनियर से ब्रेसिंग के बारे में सलाह लें, खासकर अगर आपके घर में या तो कंक्रीट की परिधि वाला फाउंडेशन हो जो निरंतर न हो, या अगर सबफ़्लोर जमीन से 600 मिलीमीटर से अधिक ऊपर हो।
- अगर किसी पाइल या पोल की नींव में खराब होने या सड़ने के लक्षण दिखें, तो उन्हें बदल दें।

### सुझाव

अपने घर के वातावरण के अनुसार उपयुक्त फिटिंग का उपयोग करना सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए, जमीन की सतह से 600 मिलीमीटर तक ऊपर लगे कोई भी स्टील कनेक्शन न्यूनतम 304 टाइप स्टेनलेस स्टील वाले होने चाहिए। अगर दुविधा हो, तो किसी लाइसेंस प्राप्त बिल्डिंग व्यवसायी से सलाह लें।





## गैस और प्लम्बिंग की फिटिंग

भूकम्प के झटकों के दौरान गैस और प्लंबिंग की कठोर (जो लचीली न हों) लाइनों के जोडों के फटने का खतरा रहता है। इससे होने वाले रिसाव, आपकी संपत्ति को बहुत नुकसान या लोगों को चोटें पहुंचा सकते हैं।

### उन्हें कैसे सुरक्षित बनाएं

किसी कुशल मिस्त्री से अपने उपकरणों और उनकी आपूर्ति लाइनों के बीच लचीली फिटिंग स्थापित कराएं। ये अतिरिक्त कंपन सह सकते हैं और टूटने और रिसाव को रोकने में मदद करते हैं।

# आपके घर के अंदर।



## गर्म पानी के सिलेंडर

गर्म पानी के सिलेंडर को सुरक्षित बनाना बेहद आसान है, और यह काम आप खुद कर सकते हैं।

आप हार्डवेयर स्टोर से गर्म पानी के सिलेंडर को बांधने वाली किट खरीद सकते हैं। इनमें आपके लिए आवश्यक स्ट्रैप (पट्टे), पेंच और टर्नबकल (पट्टे को कसने वाला औज़ार) होते हैं। इंस्टॉलेशन के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें या ये कदम अपनाएं:

1. लकड़ी के ब्लॉकों को फर्श या किसी शेल्फ में पेंच या कील से जड़ें, जिसमें या जिस पर सिलेंडर रखा जाना हो (शेल्फ का कसा होना सुनिश्चित करें)।
2. लकड़ी के ब्लॉक ऐसे साइज़ में काटें कि वे सिलिंडर के ऊपर और दीवारों के बीच अच्छी तरह से फिट हो जाएं, फिर उन्हें गोंद से वहीं चिपका दें। ब्लॉकों को दीवार की फ्रेमिंग के सापेक्ष कसा जाना सुनिश्चित करें।
3. ब्लॉकों की तरह उसी लेवल पर दोनों ओर स्टड में 8 मिमी वाले दो हुक पेंच कसें।
4. एक हुक से और स्ट्रैप के सिरे से टर्नबकल जोड़ें। स्ट्रैप को अपनी ज़रूरत के अनुसार लंबाई में काट लें, इसे दूसरे हुक से कनेक्ट करें और इसे कसने के लिए टर्नबकल का उपयोग करें।

## ठोस ईंधन वाले बर्नर


ठोस ईंधन वाला बर्नर जिसे पक्के तरह से लगाया नहीं गया है वह भूकम्प के दौरान गिर सकता है जिससे आग का गंभीर जोखिम उत्पन्न होता है।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- जब बर्नर ठंडा हो, तो इसे धीरे से हिलाकर देखें – अगर यह हिलता है तो यह सही ढंग से कसा हुआ नहीं है।
- सभी बर्नर पर कसे जाने संबंधी निर्देश होने चाहिए। अगर आपके पास ये पहले से नहीं हैं, तो विशिष्ट जानकारी के लिए अपने उत्पाद के निर्माता से संपर्क करें।
- कसने संबंधी निर्देशों का सावधानी से पालन करें। अगर बर्नर के नीचे एंकर पोवाइंट (कसने के पोवाइंट) हैं, तो प्रक्रिया संभवतः सरल होगी।

**सुझाव**

अगर कोई बर्नर ठीक से फिट नहीं है, तो उसके कारण हो सकने वाले किसी नुकसान को आपका बीमा कवर नहीं कर सकता है। इसलिए किसी सुयोग्य कारीगर की सेवाओं का उपयोग करना सबसे ठीक रहता है।



DIY QUICK FIX

## ऊंचा और भारी फर्नीचर


ऊंचा फर्नीचर भूकम्प के झटकों के दौरान खिसक सकता है और ऊपर गिर जाने पर नुकसान या चोट का कारण बन सकता है। अच्छी बात ये है कि इन चीज़ों को सुरक्षित बनाना काफी आसान है।

अगर आप किराए के घर में रहते हैं तो भी आपके मकान मालिक को आपको ऊंचे और भारी चीज़ें सुरक्षित बनाने की अनुमति देनी चाहिए। बस इस बारे में आप उनसे पहले बात कर लें।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

1. दीवार पर वहां निशान लगाएं जहां फर्नीचर का ऊपरी सिरा होगा, फिर फर्नीचर को दीवार से हटाएं।
2. हल्के से थपथपाकर और स्टड की हल्की आवाज़ सुनते हुए, दीवार में स्टड खोजें। आप इलेक्ट्रॉनिक स्टड ढूँढने वाले उपकरण का भी उपयोग कर सकते हैं।
3. फर्नीचर को वहां वापस रखने से पहले, ब्रैकेट को यथास्थान कसने के लिए 63 मिलीमीटर 12-गेज वाले पेंचों का उपयोग करें। ब्रैकेट्स को यथासंभव छिपाने के लिए, ब्रैकेट की आर्म को दीवार के सापेक्ष नीचे की ओर रखते हुए उन्हें ऊपर की ओर दो L के रूप में जोड़ें।
4. ब्रैकेट की दूसरी आर्म को फर्नीचर में 15-25 मिलीमीटर 8-गेज वाले पेंचों से कसें।

**सुझाव**
किचन के बड़े उपकरणों जैसे कि फ्रिज, फ्रीजर और फ्री-स्टैंडिंग ओवन के लिए विशेष प्रकार के रेस्ट्रेन्ट्स (रोक) उपलब्ध हैं। अपने स्थानीय हार्डवेयर स्टोर पर पूछें या ऑनलाइन खोजें।




DIY QUICK FIX

## शेल्फ पर वस्तुएं

शेल्फ पर रखी वस्तुएं आसानी से गिर सकती हैं, यहां तक कि हल्के भूकम्पों में भी। अपने क़ीमती सामान की सुरक्षा के लिए आज ही कदम उठाएँ और खुद को एक बड़ी सफाई करने के झंझट से बचाएं।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- शेल्फ में किताबों और दूसरी चीज़ों के सामने स्ट्रिंग कॉर्ड (डोरी) नायलॉन या पर्दे की तार लगाने से भूकम्प के समय उनके गिरने या हवा में उड़ने की संभावना कम हो जाती है।
- नाजुक सजावटी चीज़ों या कीमती वस्तुओं को उनके स्थान पर बनाए रखने के लिए उनके नीचे ब्लू टैक या क्वैक वैक्स चिपका दें।




## किराए पर रहते हुए तैयारी करना

किराए पर रहते हुए, निश्चित रूप से कुछ तैयारियों को करना और कठिन हो जाता है, लेकिन फिर भी आप काफी कुछ कर सकते हैं।

अंदर के भागों पर ध्यान केंद्रित करना सबसे आसान होगा। आपके मकान मालिक को आपको ऐसे कदम उठाने की अनुमति देनी चाहिए जो आइटम को सुरक्षित बनाते हों, जैसे कि भारी फर्नीचर को दीवार से सटाकर सुरक्षित रखना, लेकिन जब आप घर छोड़ेंगे तो आपको दीवार को इसकी मूल स्थिति में वापस लाना होगा। कार्रवाई करने से पहले आप अपने मकान मालिक या संपत्ति प्रबंधक के साथ उस बारे में बात कर लें, जो आप करना चाहते हों।

उनसे किन्हीं बड़ी वस्तुओं के बारे में भी बात करें। वे कुछ घरेलू विशेषताओं के कारण होने वाले जोखिम से परिचित नहीं हो सकते हैं और उन्हें ठीक करने से संपत्ति को नुकसान और आपके चोट लगने की आशंका कम हो जाएगी।





DIY QUICK FIX

## पिक्चर फ्रेम और आइने

तार से टंगे पिक्चर फ्रेम, भूकम्प के दौरान अपने हुक से बाहर निकल सकते हैं। आइटम के आकार और वजन के हिसाब से उचित हुक का उपयोग करना महत्वपूर्ण है – इसका मतलब है कि एक कील पर कोई आइटम न टांगें।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- पारंपरिक एक कील वाले पिक्चर हुक, हल्के चित्रों के लिए ठीक रहते हैं अगर कील को किसी ठोस सतह जैसे कि दीवार के स्टड में ठोंका गया हो।
- किसी अधिक भारी चित्र के लिए दो या तीन कीलों वाला पिक्चर हुक, या संभवतः कई हुक आवश्यक होंगे। बहुत भारी चित्रों या आइनों को और भी ज्यादा मजबूत चीज़ की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, हल्की डोरी के बजाय मजबूत तार (स्ट्रिंग) का उपयोग करें।

**सुझाव**

हुक को उसकी जगह पर ठोंक देने के बाद, चित्र टांगें और फिर उसे बाहर की ओर इस तरह खींचें कि आप उसके पीछे अपना हाथ ले जा सकें और हुक को दबाकर बंद कर दें।


DIY QUICK FIX

## टेलीविजन

अपने लंबे और पतले आकार के कारण टीवी, भूकम्प आने पर आगे की ओर गिर सकते हैं।

### उन्हें सुरक्षित बनाएं

- टीवी को जिस फर्नीचर पर रखा गया है, उस पर सुरक्षित बनाने के लिए स्पेशलिस्ट रेस्ट्रेंट स्ट्रैप्स (विशेष रोकने वाले पॅट्टे) का उपयोग करें।
- टीवी के नीचे न फिसलने वाली मैट रखना भी उसे खिसकने से रोक सकता है, लेकिन उसे रेस्ट्रेंट्स के साथ उपयोग किया जाना चाहिए।



DIY QUICK FIX

## फास्ट फाइव (जल्द किए जाने वाले पाँच कदम)

**तैयारी के पांच कदम, जिनमें पांच मिनट या उससे कम समय लगता है।**

1. अपेक्षाकृत छोटे घरेलू उपकरणों (जैसे कि टीवी या माइक्रोवेव) के नीचे एक न फिसलने वाली मैट रखें।
2. नाजुक सजावटी चीज़ या कीमती वस्तु को उसके स्थान पर सुरक्षित रखने के लिए ब्लू टैक या क्वैक वैक्स चिपकाएं।
3. नाजुक आइटम रखे जाने वाली अलमारी के दरवाजे या ड्रॉअर (दराज) में पॉजिटिव कैचिंग लैच लगाएं। सुनिश्चित करें कि लैच चुंबकीय न हो, क्योंकि वह भूकम्प के दौरान नहीं रूकेगी। मैकेनिकल एक्शन वाली चाइल्ड-प्रूफ लैच सबसे अच्छी रहती है।
4. भारी घरेलू सामान को निचले शेल्फ या अलमारी में रखें।
5. चित्र टांगने के लिए उपयोग हो रही कील बदलकर उचित आकार वाला हुक लगाएं।

# भूकम्प के लिए पूर्व तैयारी न करने के छह कारण
## (और फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए)

**1**

"मेरे घर ने पहले ही एक बड़े भूकम्प का सामना किया है और ठीक रहा है। मुझे यकीन है कि यह आगे भी ठीक रहेगा।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

अगर आपके घर ने किसी नुकसानदेह भूकम्प का सामना किया है, तो इसका मतलब है कि आप एक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में रहते हैं जहां निश्चित रूप से भविष्य में और भी भूकम्प आएंगे। और अगला भूकम्प आपके घर को पिछली बार के मुकाबले बहुत अलग तरह से प्रभावित कर सकता है।

**2**

"मुझे लगता है कि यह महंगा होगा।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

हमारी तैयारी के कई कदम पूरे करने में ज्यादा धन खर्च नहीं होता। यहां तक कि चिमनी हटाने जैसे बड़े काम भी अक्सर अधिकांश लोगों की अपेक्षा से अधिक जल्दी और सस्ते में किए जा सकते हैं।

**3**

"मैंने बीमा करा रखा है, इसलिए अगर मेरा घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाता है तो भी मैं कवर रहूंगा।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

पर्याप्त बीमा होना बहुत ही महत्वपूर्ण है - यह बहुत अच्छी बात है! लेकिन घर क्षतिग्रस्त होने पर जो असुविधा होती है वह इसका एक मुख्य प्रभाव है। अभी से तैयारी के कदम लेने से आगे आप और आपके परिवार के लिए बाधा कम होगी, जिससे आप ज्यादा तेज़ी से सामान्य हालत में वापस आ सकते हैं।

**4**

"मेरे पास समय नहीं है।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

हम जानते हैं कि इन दिनों हर कोई सचमुच काफी व्यस्त है, लेकिन कुछ छोटे कदम लेने से भी भूकम्प के दौरान की स्थिति में बड़ा फर्क आ सकता है। तो आज जो आप कर सकते हैं वह करें और अन्य चीज़ों के लिए योजना बनाने के लिए इस ब्रोशर में दी हमारी जांचसूची का उपयोग करें।

**5**

"मैं भूकम्प से नुकसान के जोखिम वाले क्षेत्र में नहीं रहता।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

न्यूज़ीलैंड पृथ्वी की दो प्रमुख टेक्टॉनिक प्लेटों के बीच में स्थित है, इसलिए देश के किसी भी हिस्से में नुकसानदेह भूकम्प आ सकता है। चाहे आप वास्तव में ज्ञात फॉल्ट लाइनों के करीब न हों, तो भी आपका घर दूर के एक ताकतवर भूकम्प से क्षतिग्रस्त हो सकता है। तो आप कहीं भी रहते हों, इसके लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण है।

**6**

"मेरे पास भूकम्पों की तैयारी से ज्यादा महत्वपूर्ण चीजें हैं।"

### फिर भी आपको तैयारी क्यों करनी चाहिए

जिस क्षण नुकसानदेह भूकम्प आता है, उसी क्षण इसकी पूर्वतैयारी का आपका मौका खत्म हो जाता है। इस ब्रोशर में दिए कई स्टेप्स के बारे में बेहतरीन बात ये है कि एक बार उनको कर लेने पर उन्हे बार-बार नहीं करना पड़ता। तो शुरू करें और यह सोचकर संतुष्ट हों कि आपने हर संभव प्रयास कर लिया है!

# अगर आप किसी आपदा से नुकसान उठाते हैं।

भूकम्प, या अन्य आपदा के बाद के कुछ शुरूआती दिनों में, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी आपातकालीन योजना पर अमल करें। अपनी, अपने परिवार की देखभाल करें और अगर आप कर सकते हों तो दूसरों की भी मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आपका घर सुरक्षित, स्वच्छ, संरक्षित और मौसम के प्रभाव से बेअसर है। यह सब कर लेने के बाद, आप अपने घर को हुए नुकसान के लिए दावा करने के बारे में सोच सकते हैं।

अगर आपको नुकसान होता है, तो दावा प्रक्रिया को हरसंभव सरल बनाने में मदद के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं:

- अगर संभव हो, तो आपदा की किसी घटना के बाद सफाई करने से पहले फोटो ले लें। इन्हें क्लाउड में या किसी अन्य सुरक्षित और आसानी से सुलभ स्थान पर एकत्रित करें।
- एक अच्छा तरीका यह है कि आप जिस जगह और वस्तु की फोटो ले उसकी सूची बना लें। यह आपको भविष्य में फोटो की पहचान करने में मदद करेगा और इससे सुनिश्चित होगा कि आपने हर चीज़ की फोटो ले ली है।

आपदा से होने वाले नुकसान के बाद आपको ईक्यूसी (EQC) के समक्ष दावा करने के लिए दो साल तक का समय मिलता है, लेकिन जितनी जल्दी हो सके दावा करना ठीक रहता है क्योंकि यह आपदा से हुए नुकसान को अधिक स्पष्ट रूप से दिखा सकता है। दावा करने के लिए **eqc.govt.nz** पर जाएं या हमें **0800 DAMAGE** पर कॉल करें।

## क्या आपका बीमा ठीक है?

अपने घर और चीज़ों का बीमा कवर कराना वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे आपको, किसी आपदा में नुकसान उठाने की स्थिति में वापस सामान्य हालत में आने में मदद मिलती है। साथ ही, एक निजी गृह बीमा पॉलिसी जिसमें आग से सुरक्षा के लिए कवर (अधिकांश में होता है) होने से आप ईक्यूसी (EQC) के बीमा उत्पाद, ईक्यूसी कवर (EQCover) के लिए अपने आप पात्र हो जाते हैं।

अपने बीमा की नियमित रूप से समीक्षा करना महत्वपूर्ण है, इसलिए एक ऑनलाइन कैलकुलेटर का उपयोग करके यह जानें कि अगर आपका घर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाता है तो क्या यह आपके घर के पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त होगा, और यह कि क्या आपके पास किसी क्षतिग्रस्त संपत्ति को बदलने के लिए चीज़ों का पर्याप्त बीमा कवर है।

## क्या किसी आपदा के बाद आपका घर अपने आप संभल सकता है?

कोई आपातकालीन घटना होने पर नागरिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाएं सर्वाधिक ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने में व्यस्त हो जाती हैं। यह सुनिश्चित करना आप पर निर्भर है कि आपके परिवार, और आपके प्रियजन इसे जानें कि अपने-आप अपनी देखभाल करने की स्थिति आने पर क्या करना है और यह कि उस समय के लिए सभी ज़रूरी चीज़ें आपके पास मौजूद हैं।

**getready.govt.nz** पर जाएं और आपके परिवार को तैयार रखना सुनिश्चित करने के लिए उनके आसान स्टेप्स का पालन करें।


जूलियन थॉमसन | जीएनएस विज्ञान



# आपके घर की तैयारी की जांचसूची।

## मेरे घर के ऊपर

- ☐ मेरी ईंट या कंक्रीट की ऊंची चिमनी को हटा दिया गया है या हल्के वजन वाले विकल्प से बदल दिया गया है।
- ☐ मेरी छत हल्की सामग्रियों (उदाहरण के लिए नालीदार लोहे की चादरों) से बनी है जो फ्रेमिंग से अच्छी तरह से कसी हैं।
- ☐ मेरी छत की भारी सामग्री (उदाहरण के लिए कंक्रीट या स्लेट टाइलें) नीचे की फ्रेमिंग से अच्छी तरह बंधी हैं।
- ☐ पानी की छत वाली टंकी को सुरक्षित करने के लिए मैने स्ट्रैपिंग (पट्टा) और ब्रेसिंग का उपयोग किया है। या, अगर पानी की छत वाली टंकी उपयोग में नहीं आती, तो मैंने इसे हटा दिया है।

## मेरे घर के आस-पास

- ☐ मुझे पता है कि मेरी रिटेनिंग दीवारें अपने उद्देश्य के लिए ठीक हैं और अच्छी स्थिति में हैं।
- ☐ मैंने यह सुनिश्चित किया है कि गैस की कोई बड़ी बाहरी बोतलें एक चेन से बांधी गई हैं।
- ☐ मुझे पता है कि आपात स्थिति में पानी और गैस की मेन सप्लाई (मुख्य आपूर्ति) कैसे बंद करनी है।

## मेरे घर के नीचे

- ☐ मेरे घर की नींव, ऊपर के घर से अच्छी तरह जुड़ी है (जेड कीलों, तार, या उचित ब्रैकेटों के द्वारा)।
- ☐ यदि मेरे घर की नींव पोल वाली नींव है या जमीन और फर्श के बीच की दूरी 600 मिलीमीटर से अधिक है, तो मैंने पर्याप्त ब्रेसिंग लगवाई हैं।
- ☐ मेरी नींव अच्छी स्थिति में हैं।
- ☐ मेरे यहां गैस और प्लंब किए गए उपकरणों और उनकी सप्लाई लाइनों के बीच लचीली फिटिंग लगाई गई है।

## बीमा

- ☐ मैंने निजी बीमा खरीदा है जो किसी आपदा से मेरे घर को नुकसान होने की स्थिति में मरम्मत या बदलने की सुविधा प्रदान करेगा।
- ☐ मैंने निजी बीमा खरीदा है जो किसी आपदा में मेरी घरेलू चीज़ें नष्ट हो जाने पर उन्हें बदलने की सुविधा देगा।
- ☐ किसी आपदा की स्थिति में कवर न किए जाने वाले अपवर्जन (ऐसी क्षति जो कवर नहीं है) मुझे पता हैं।

## मेरे घर के अंदर

- ☐ मैंने ऊंचे और भारी फर्नीचर, (जैसे कि फ्रिज और किताबों की अलमारी) को दीवारों के सापेक्ष सुरक्षित करने के लिए ब्रैकेट उपयोग किए हैं।
- ☐ मैंने गर्म पानी के अपने सिलेंडर को सुरक्षित करने के लिए स्ट्रैपिंग (पट्टा) और ब्रेसिंग का उपयोग किया है।
- ☐ ठोस ईंधन वाला मेरा बर्नर, निर्माता के निर्देशों के अनुसार सुरक्षित किया गया है।
- ☐ मैंने भारी घरेलू सामानों को निचली अलमारी या शेल्फों में रखा है।
- ☐ मैंने अलमारी पर लैच या ताले लगवाए हैं जो चीज़ों को बाहर गिरने और टूटने से रोकथाम सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।
- ☐ मैंने शेल्फों में चीज़ों को यथास्थान रखने में मदद के लिए उनके सामने डोरी खींचकर बांधी है।
- ☐ नाजुक चीज़ों जैसे कि गुलदस्तों और अन्य कीमती सामानों को सुरक्षित करने के लिए मैंने ब्लू टैक या क्वैक वैक्स का उपयोग किया है।
- ☐ मैंने पिक्चर फ्रेम और आइने टांगने के लिए उचित हुकों का उपयोग किया है ताकि वे गिरें नहीं।
- ☐ मैंने रेस्ट्रेंट स्ट्रैप्स (रोकने वाले पट्टे) और न फिसलने वाली मैट का उपयोग किया है छोटे उपकरणों (उदाहरण के लिए टीवी, माइक्रोवेव) को गिरने या खिसकने से रोकने के लिए।

## पांच प्रमुख चीजें जो मैं पक्का करना और कसना चाहता हूं वे ये हैं:

1. ______________________
2. ______________________
3. ______________________
4. ______________________
5. ______________________